हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 29 जुलाई 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

06 लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कलेक्टर...

09 ऑर्थोपेडिक क्लब ने विद्यार्थियों व बुजुर्गों को...

नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए: डॉ. रज्जाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दलोदा (मंदसौर)

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, दलोदा में सत्र 2026-27 में बीएससी प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय की प्रभारी डॉ. माला हकवाडिया के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विभिन्न छात्रहितैषी गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटल लर्निंग, छात्रवृत्ति, खेल, एनएसएस एवं करियर मार्गदर्शन से परिचित कराते हुए उच्च शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एल. आर्य ने की। प्राचार्य ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं भविष्य की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन तथा निरंतर सीखने की प्रवृत्ति अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी आवश्यक है, जिसके लिए महाविद्यालय में अनेक अवसर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में डॉ. जसवंत कुमार कारपेंटर ने विद्यार्थियों को डिजिटल लर्निंग के विभिन्न माध्यमों एवं उनकी उपयोगिता की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों का शैक्षणिक उपयोग करने तथा अध्ययन को अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बनाने के लिए उपलब्ध ऑनलाइन माध्यमों की जानकारी दी। प्रो. तोसिफ नागोरी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगारपरक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में उपलब्ध नवीन अवसरों के संबंध में जानकारी दी तथा बदलते शैक्षणिक परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया।

एनएसएस प्रभारी डॉ. गोविंद राठौड़ ने राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) की गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ने तथा विभिन्न सेवा एवं जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. मेनाज बी ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भविष्य निर्माण पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए जीवन के तीन मूल मंत्र-स्वअनुशासन, स्व-नियंत्रण एवं स्व-प्रेरणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने तथा चुनौतियों का सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. आमिर खान ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं दस्तावेजों के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया, ताकि आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थी उपलब्ध योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

खेल का बताया महत्व

क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रज्जाक मेवा फरोश ने महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं तथा आगामी खेल गतिविधियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेलों को विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास, अनुशासन एवं टीम भावना के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर डॉ. निधि पालरिया, डॉ. सुंदरलाल जोशी, प्रो. मेघा जोशी एवं प्रो. नेहा शर्मा ने भी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने तथा अपनी प्रतिभा एवं रुचि के अनुरूप गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इंडक्शन कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, करियर के प्रति जागरूकता तथा व्यक्तित्व विकास की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त की और महाविद्यालयीन जीवन को लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गजराज पंड्या ने किया तथा आभार डॉ. प्रिया जैन ने व्यक्त किया।

हम सब मिलकर जिले को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाएंगे : डॉ. मीना

संपूर्ण प्रशासनिक टीम ने अपनी पूरी क्षमता के साथ दायित्वों को निभाया है: यादव

नवागत कलेक्टर डॉ मीना व स्थानांतरित कलेक्टर यादव का आगर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले से स्थानांतरित कलेक्टर प्रीति यादव एवं नवागत कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना का राजस्व एवं पुलिस परिवार द्वारा सोमवार को आयोजित एक समारोह में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्थानांतरित कलेक्टर प्रीति यादव को पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव एवं राजस्व पुलिस परिवार के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा नवागत कलेक्टर डॉ मीना का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया।

प्रीति यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम आगर ने सराहनीय कार्य, सहयोग किया है। इसी का परिणाम है कि जिला 10 माह में विभिन्न विभागों के पैरामीटर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाया है। उन्होंने कहा कि नवागत कलेक्टर को भी टीम आगर अपनी पूरी कार्यक्षमता के साथ पूरा सहयोग करें और अपना शत प्रतिशत योगदान दे। पुलिस अधीक्षक ने प्रीति यादव की संवेदनशीलता पुलिस प्रशासन के बीच संवाद एवं समन्वय की अनूठी कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम को एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी एडिशनल एसपी रविंद्र कुमार बोयत आदि ने संबोधित करते हुए प्रीति यादव की सवेदनशीलता सहजता सरलता एवं उत्कृष्ट कार्य शैली की सराहना करते हुए नवागत कलेक्टर को भी पूरी कार्यक्षमता के साथ संपूर्ण टीम की तरफ से हर संभव तत्परता पूर्वक पूर्ण सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

शिल्पा अंशुल मंडलोई डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत

मंदसौर। शिल्पा अंशुल मंडलोई को ह्यह्यस्टडी ऑफ इंपैक्ट ऑफ इमोशनल इंटेलिजेंस एंड सेल्फ अवेयरनेस ऑन दी एकेडमिक अचीवमेंट्स ऑफ हाइयर सेकेंडरी स्कूल स्टूडेंट्सह्लह्ल विषय पर किए गए अपने महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए मंदसौर यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि पीएचडी प्रदान की गई। शिल्पा मंडलोई घनश्याम सिंह और चित्रा मंडलोई की पुत्रवधू है। शिल्पा मण्डलोई ने इस शोध हेतु 20 से अधिक स्कूलों के बच्चों के साक्षात्कार एवं तथ्य संकलन कर अपने अनुसंधान को सम्पन्न किया। इस अवसर पर कुलपति नरेंद्र नाहटा, उपकुलपति डॉ राजीव रंजन ठाकुर एवं शिक्षकों द्वारा शिल्पा के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना प्रेषित कर बधाइयां प्रदान की गईं।

जिलेवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की

नवागत कलेक्टर डॉ. मीना ने मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नवागत कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने सोमवार को जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, आगर मालवा का पदभार ग्रहण करने के बाद आगर से स्थानांतरित कलेक्टर प्रीति यादव के साथ नलखेड़ा पहुंचकर जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र शक्तिपीठ मां पीतांबरा बगलामुखी माता मंदिर में दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कलेक्टर डॉ. मीना ने मां बगलामुखी से जिलेवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रबंधक कमल मंडलोई, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर अर्पिता राय, मंदिर समिति सचिव एवं तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं नगर निरीक्षक नागेश यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। दर्शन-पूजन के उपरांत कलेक्टर डॉ. मीना ने एसडीएम एवं मंदिर समिति के अधिकारियों से 'देवी लोक' निर्माण के तहत स्वीकृत, प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूर्णिमा पर गुरु पूजन व भंडारे का होगा आयोजन

नलखेड़ा। गुरुपूर्णिमा के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर गुरु पूजन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा भाग लेकर गुरु पूजन किया जाएगा। बुधवार को गुरुपूर्णिमा के अवसर पर माँ बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर भक्तों द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज का गुरु पूजन किया जावेगा। गुरु पूजन का कार्यक्रम प्रातःकाल से देर शाम तक चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों द्वारा भाग लेकर गुरु पूजन कर भंडारे का लाभ लिया जाएगा। वहीं इस दौरान कई भक्तो को संत श्री द्वारा गुरु दीक्षा भी प्रदान की जाएगी। गुरु पूर्णिमा पर्व पर मां बगलामुखी माता मंदिर के समीप स्थित आश्रम पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा प्रसादी का लाभ लिया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा पर तारकेश्वर मंदिर में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ग्राम ताखला में त्रिवेणी संगम तट पर मौजूद श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर में पंड़ित ताराचन्द्र शास्त्री गुरूजी की निश्रा में गुरू पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में बुधवार को प्रातः हवन शान्ति के साथ भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया जावेगा तथा प्रातः 10 से देर शाम तक गुरूपूजन व प्रसादी का कार्यक्रम होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहेगे। ताखला के इस महादेव मंदिर पर प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें हजारो की सख्या में नलखेडा, सुसनेर, सोयत,मोडी आदि स्थानो से भक्तो द्वारा भाग लेकर यहा पर स्थित त्रिवेणी संगम (जहा पर तीन नदियों का होता है मिलन) तट पर स्नान कर पूण्य लाभ लिया जाकर मेले का लूफ्त भी उठाते हुए खरीददारी की जाती है। नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर, मॉ बगलामुखी मंदिर,गुदरावन स्थित बावड़ी वाले हनुमान मंदिर पर गुरूपूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशेष पूजा-अर्चना व महाआरती के आयोजन होंगे।

टिकोन धाम पर गुरु पूर्णिमा पर्व उत्साह से मनाया जाएगा



नलखेड़ा। ग्राम टिकोन में स्थित प्रसिद्ध रामदेव धाम दरबार में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर बाबारी भक्तों द्वारा रामदेव धाम के सेवक गुरुजी शिवनारायणजी पाटीदार से सुख, समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना करते हुए उनकी चरण वंदना कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया जावेगा। ज्ञात रहे कि टिकोन में स्थित रामदेव धाम पर आने वाले भक्तों की हर मनोकामनाएं बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण होती है, वही भक्तों के दुःख , संकट का निवारण भी बाबा के द्वारा किया जाता है। इस स्थान पर प्रदेश सहित देश के अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में बाबारी भक्त अपनी मनोकामना तथा दुःख संकट के निवारण के लिए पहुंचते हैं।

मिशन हरित मंदसौर अंतर्गत वार्ड 39 में किया पौधरोपण

मंदसौर। मिशन हरित मंदसौर के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा वार्ड कंर 39 की पार्षद भारती धीरज पाटीदार के नेतृत्व में बीकानेर चौराहे से यशनगर चौराहे तक डिवाइडर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डिवाइडर पर लगभग 100 से अधिक पौधों को लगाया गया। मिशन हरित मंदसौर के अंतर्गत हुए आयोजन में मंदसौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर की उपस्थिति रही। जिन्होने भी पौधारोपण किया। वहीं इस जनभागीदारी अभियान में भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री शिवराज सिंह राणा, उत्तर मंडल अध्यक्ष ॅ अरविंद सारस्वत, सार्थक संस्था की डायरेक्टर डॉ. उर्मिला तोमर, इन श्रीमती आरती दवे, सार्थक संस्था के साथी सदस्यों सहित वार्ड की मातृशक्ति, वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पूर्व इस अभियान के अंतर्गत सरदार पटेल उद्यान एवं नर्मदेश्वर उद्यान में पौधारोपण किया जा चुका है। पार्षद भारती पाटीदार ने बताया कि हम सभी का छोटा-सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा, स्वच्छ और सुंदर मंदसौर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

गोविंद विश्वकर्मा तहसील संगठन मंत्री पद पर नियुक्त

नलखेड़ा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे की सहमति से जयनारायण चौधरी जिला अध्यक्ष ने सर्वानुमति से भारतीय सेना से सेवानिवृत हुए गोविंद विश्वकर्मा को संगठन का विस्तार करने तथा संगठन को मजबूत करने हेतु नलखेड़ा तहसील के संगठन मंत्री पद पर सर्वानुमति से नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर कैलाश चंद ट्रेलर, बजरंग प्रसाद बंसिया, सुभाष गुप्ता, डॉक्टर के एल पाटीदार, मोहन सिंह राजपूत, जगदीश जुलानिया, महेश पवार, राधेश्याम कुलमी, शिवनारायण भिलाला, प्रदीप सिंह सिसोदिया, जयनारायण मालवी, लेखराम भाटी, हजारीलाल भिलाला, मूलचंद कुंभकार, विट्ठल दास बंसिया, रमेशचंद शर्मा, किरण कुमार देशमुख, दयाराम लोहार, सत्यनारायण शर्मा, अशोक पवार, शिवनारायण गुर्जर, पूरा लाल जैन, रामेश्वर रावतिया, संतोष कुमार पाटनी, सुनीता देशमुख, पर्वत सिंह सोनगरा सैनिक, ओम प्रकाश शर्मा, हरि नंदन नागर, निर्मलकुमार जैन आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

राहुल शर्मा की जयंती पर सेवा कार्यों का आयोजन स्कूल को वाटर कूलर व आरओ भेंट

कानड़। राहुल शर्मा की जन्म जयंती के अवसर पर मनीष शर्मा श्रीराम लला धाम सेवा ट्रस्ट कानड़ द्वारा विभिन्न सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहारा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक वाटर कूलर एवं आरओ सिस्टम भेंट किया गया। इसके बाद शिव पहाड़ी पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक मधु गहलोत रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पार्षद दिनेश अंकल, मंडल उपाध्यक्ष भरत संगवालिया, दिनेश खजुरिया, सुरेश झलाया तथा सहारा पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मनीष शर्मा एवं श्रीराम लला धाम सेवा ट्रस्ट कानड़ के तत्वावधान में किया गया। उपस्थित अतिथियों ने स्वर्गीय राहुल शर्मा को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने तथा समाजसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के ऐसे कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

नप अध्यक्ष सोनी ने किया लोकार्पण

ग्रीन स्पेस पार्क का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार की अमृत 2 योजना अंतर्गत नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा नगर वासियों तथा बच्चों के लिए पांडव कालीन बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर के सामने ग्रीन स्पेस पार्क उद्यान का निर्माण 27 लाख की लागत से करवाया गया। जिसका लोकार्पण 28 जुलाई को नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा पार्षद गणों व नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत 02 योजना अंतर्गत नगर से 2 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर के सामने 27 लाख से अधिक लागत के ग्रीन स्पेस पार्क उद्यान का निर्माण कार्य करवाया गया है। जिसका लोकार्पण मंगलवार को नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी के द्वारा भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा तथा परिषद के पार्षद गणों, नवनियुक्त एल्डरमैन एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ग्रीन स्पेस पार्क में सभी के द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीन स्पेस पार्क के लिए 6 दिसंबर 2024 को भूमि पूजन संपन्न हुआ था। जो की 2 वर्ष के अंदर ही बनकर तैयार हो गया है। लोकार्पण के बाद अब यहां उद्यान आम नागरिकों के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

रक्तवीर अवधेश पाटीदार ने किया 52वां रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ग्राम धरोला निवासी रक्तवीर अवधेश पाटीदार ने अपने जीवन में 52वां स्वैच्छिक लाइव रक्तदान कर एक मिसाल कायम की है। सोमवार को नलखेड़ा ग्रामीण क्षेत्र की एक अनजान महिला मरीज को गंभीर बीमारी के चलते जिला अस्पताल आगर मालवा में भर्ती करवाया गया जहां मरीज को रक्त की आवश्यकता थी। लेकिन जिले के रक्तकोष में बी पॉजिटिव रक्त की अनुपलब्धता की वजह से परिजन परेशान हो रहे थे। जब यह सूचना जिले में सेवारत यूथ संकल्प सेवा समूह के कपिल वेदिया नलखेड़ा को मिली तो उन्होंने अपनी ही टीम के सक्रिय रक्तदाता अवधेश पाटीदार से संपर्क किया जिनका रक्त समूह बी पॉजिटिव है। जिन्होंने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। टीम की सक्रियता और रक्तदाता की अग्रणी भूमिका से संबंधित मरीज को समय पर रक्त की प्रतिपूर्ति हो गई। संस्था के कपिल वेदिया ने बताया कि अवधेश पाटीदार अपने जीवन में 52 बार रक्तदान कर चुके है। गौरतलब हैं कि संस्था द्वारा हर दो माह में आगर क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन होता रहता है।

खबर संक्षेप

किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

देवास। जिले की ग्राम पंचायत लिंबोदा एवं टिगरिया सांचा के किसानों ने मंगलवार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पिछले पांच वर्षों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। किसानों ने आरोप लगाया कि वे हर वर्ष नियमित रूप से फसल बीमा कराते हैं और बैंक के माध्यम से बीमा प्रीमियम भी जमा करते हैं, लेकिन फसल खराब होने के बावजूद आज तक उन्हें बीमा क्लेम या मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई। ग्राम पंचायत लिंबोदा के अंतर्गत आने वाले नेवरी, लिंबोदा और बोडानी तथा ग्राम पंचायत टिगरिया सांचा के टिगरिया सांचा, नारंजीपुर गांवों के किसानों ने बताया कि लगातार प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि और मौसम की अनिश्चितता के कारण उनकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद बीमा कंपनी और संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई राहत नहीं दी गई। किसानों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से लगातार फसल बीमा प्रीमियम की राशि उनके खातों से काटी जा रही है, लेकिन नुकसान होने पर किसी भी किसान को बीमा का लाभ नहीं मिला। कई बार संबंधित विभागों और बीमा कंपनी को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे किसानों में गहरी नाराजगी है। किसानों ने बताया कि फसल बीमा राशि नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित बीमा कंपनी तथा कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि प्रभावित किसानों को पिछले पांच वर्षों से लंबित फसल बीमा राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न गांव के किसान उपस्थित थे।

10 लाख लेकर दूसरे की जमीन बेचने का आरोप, पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार

आवास योजना में बने मकानों पर बेदखली का संकट, संयुक्त कलेक्टर ने मांगी रिपोर्ट

राजस्व रिकॉर्ड में किसी और के नाम जमीन निकलने का दावा कर रहे शिकायतकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/उदय नगर

जिले की उदयनगर तहसील के ग्राम भीकुपुरा में जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े कथित धोखाधड़ी के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। गांव के दो परिवारों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि प्लॉट बेचने के नाम पर उनसे 5-5 लाख, कुल 10 लाख की राशि लेकर उन्हें ऐसी जमीन पर कब्जा दे दिया गया, जो राजस्व रिकॉर्ड में किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा न्याय दिलाने की मांग की है। शिकायतकर्ता राधाबाई और नवल ने आवेदन में बताया कि उन्होंने ग्राम भीकुपुरा में क्रमशः 20×80 वर्गफीट तथा 25×75 वर्गफीट के प्लॉट 5-5 लाख में खरीदे थे। उनका आरोप है कि विक्रेता केशरसिंह ने उन्हें अनुबंध पत्र को ही रजिस्ट्री बताकर उनकी अशिक्षा का फायदा उठाया। पूरी राशि लेने के बाद उन्हें प्लॉट का कब्जा भी सौंप दिया गया, जिससे उन्हें विश्वास हो गया कि जमीन विधिवत उनके नाम हो गई है। पीड़ितों के अनुसार, प्लॉट मिलने के बाद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी स्वीकृत हुआ। शासन की सहायता से उन्होंने संबंधित भूमि पर मकान का निर्माण कराया और लंबे समय से परिवार सहित वहीं निवास कर रहे हैं। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत द्वारा भी आवास निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई गई थी, जिससे उन्हें किसी प्रकार का संदेह नहीं हुआ।



रिकॉर्ड में किसी और के नाम जमीन

आवेदन में दावा किया गया है कि बाद में जानकारी मिली कि जिस भूमि पर उनके मकान बने हैं, वह राजस्व अभिलेखों में राजाराम के नाम दर्ज है। इसके बाद से उनके सामने मकान खाली करने का दबाव बनाया जाने लगा। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राजाराम और केशरसिंह की आपसी मिलीभगत से उन्हें बेदखल करने की साजिश रची जा रही है।

धमकी और गाली-गलौज का भी आरोप

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस संबंध में विरोध दर्ज कराया तो संबंधित लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने यह तक कहा कि ₹जो करना है कर लो, मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।₹ इस घटना के बाद दोनों परिवारों में भय का माहौल है।

दोषियों पर कार्रवाई की मांग

राधाबाई और नवल ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा कथित धोखाधड़ी, फर्जी तरीके से भूमि विक्रय, अवैध रूप से धनराशि वसूलने और धमकी देने के आरोपों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि उनके मकानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि जांच पूरी होने तक उन्हें बेदखल न किया जाए।

सात दिन में मांगी जांच रिपोर्ट

मामले की गंभीरता को देखते हुए संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख ने शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उदयनगर तहसीलदार को सात दिवस के भीतर पूरे प्रकरण की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि भूमि विक्रय में अनियमितता हुई है या नहीं तथा आगे किस प्रकार की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

केशर सिंह का पक्ष

मैने पैसे नहीं लिए है, दानपत्र करके जमीन दी है। रजिस्ट्री कैसे करेंगे वो ग्राम पंचायत के हैंडओवर हो गया है। ग्राम पंचायत को दानपत्र के तहत आबादी के लिए दिया गया है। झूठी बयानबाजी हैं, हम किसी को भी नहीं निकाल रहे हैं। हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है। रजिस्ट्री कैसे होगी ग्राम पंचायत को दान पत्र के लिए आवेदन दे दिया है। सीमांकन हो चुका है किसान राजाराम की जमीन वहां नहीं है।

लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कलेक्टर की सख्ती

टीएल बैठक में कार्रवाई करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने 'फार्मर रजिस्ट्री' कार्य की तहसीलवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बागली, कन्नौद और खातेगांव क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति बेहद कम पाई गई। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर सिंह ने एसडीएम बागली, कन्नौद और खातेगांव को निर्देश दिए कि कार्य नहीं करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करें। पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले में 'कृत्रिम गर्भाधान' कार्य की बेहद सुस्त रफ्तार पर कलेक्टर सिंह ने जिला पशुपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन केंद्रों में प्रगति सबसे खराब पाई गई है, उन सभी संबंधितों का दो दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में ढिलाई किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि 01 अगस्त को दिशा की बैठक का आयोजन होगा। सभी जिला अधिकारी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहे। सिंह ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित आवेदनों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि समय सीमा से बाहर हुए प्रकरणों में सभी संबंधितों पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को चिन्हित सेवाएँ निर्धारित समय-सीमा में मिलना चाहिए। यदि कोई भी प्रकरण बिना किसी उचित कारण के समय-सीमा से बाहर होता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बीमा राशि नहीं मिलने पर भुतियाखुर्द के किसानों ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

देवास। जनसुनवाई में मंगलवार को ग्राम भुतियाखुर्द, तहसील सोनकच्छ के किसानों ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर गत वर्ष एवं वर्तमान वर्ष का फसल बीमा नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की। आवेदन में किसानों ने बताया कि ग्राम भुतियाखुर्द (प.ह. नं. 34) में उनके नाम से कृषि भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है तथा वे प्रतिवर्ष बैंक एवं सोसायटी के माध्यम से फसल बीमा कराते हैं। इसके बावजूद पिछले वर्ष और इस वर्ष का बीमा लाभ उन्हें प्राप्त नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित पटवारी, बीमा कंपनी एवं बीमाकर्ता बैंकों से संपर्क किया, लेकिन किसी भी स्तर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों ने कलेक्टर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए पात्र किसानों को शीघ्र फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की। आवेदन की प्रतिलिपि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनकच्छ एवं तहसीलदार सोनकच्छ को भी भेजी गई। जनसुनवाई के दौरान ग्राम भुतियाखुर्द के कृषक कमलसिंह सरपंच, भवरसिंह संधेव, कुमेर सिंह दरबार, प्रदीपसिंह, सुमेरसिंह, भीमसिंह, डॉ. सुरेन्द्रसिंह झाला, गोविन्दसिंह, राजेन्द्र सिंह गुड्डा जी, मेहरवान सिंह, कोकसिंह, जयसिंह, मुरारी यादव, माखन सिंह, महेन्द्रसिंह, ज्ञानसिंह, देवराज सिंह, गोतमामिह, अनोखी प्रजापति, शुभम राणा, सोभाग्य सिहं तथा नितेश पाठक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रकरण किए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस देवास शहर के भवानी सागर एवं अन्य स्थानों पर गस्त कर कार्यवाही की गई।

कार्रवाई में 28 बॉटल विदेशी मदिरा, 36 कैन बियर एवं एक एक्टिवा वाहन जप्त किया तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क के तहत 04 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्यवाही में जप्त सामग्री एवं वाहन का मूल्य लगभग 74000 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव, गोकुल प्रसाद, राज श्री खन्ना, राजाराम रायकवार, दीपक धुरिया आबकारी मुख्य आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, सुरेन्द्र वर्शी, दीपक आबकारी आरक्षक आशीष गुप्ता, निहाल खत्री, निकिता परमार सम्मिलित थे।

वन विभाग ने किया अवैध सागौन लकड़ी से भरा आयशर जब्त, राजस्थान के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

वन परिक्षेत्र जिनवाणी में नवागत रेंजर शौर्य खरे के पदभार संभालने के बाद लकड़ी माफियाओं के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन विभाग ने अवैध सागौन इमारती लकड़ी से भरे एक आयशर वाहन को जब्त करते हुए राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

विभाग के अनुसार 27 जुलाई की रात करीब 11:30 बजे वन रक्षक मनीष पुष्पद को मुखबिर से सूचना मिली कि डेहरी से काटाफोड़ की ओर अवैध सागौन लकड़ी से भरा एक आयशर वाहन आ रहा है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी शौर्य खरे के निर्देशन में डेहरी और जिनवाणी वन अमले ने संभावित निकासी मार्गों पर नाकाबंदी कर दी। सुबह करीब 4 बजे ग्राम गोदना से काटाफोड़ की ओर आ रहे संदिग्ध सफेद आयशर वाहन को वन रक्षक विजेंद्र वाघेला, राहुल राठौड़ और वाहन चालक सचिन गोस्वामी ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। वन अमले ने पीछा करते हुए काटाफोड़ में तैनात वन कर्मियों को सतर्क किया। काटाफोड़ में वन रक्षक शिवम परमार एवं अन्य कर्मचारियों ने बैरिकेड्स और ठेलों से रास्ता बंद किया था, लेकिन चालक बैरिकेड्स तोड़कर बिजवाड़ रोड की ओर भाग गया। इस दौरान ग्राम बधावा में तेज रफ्तार वाहन ने दो गायों को टक्कर मार दी, जिससे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना डायल-112 पर पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बिजवाड़ में मुख्य मार्ग पर दो डंपर तिरछे खड़े कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। आगे रास्ता बंद मिलने पर चालक ने वाहन रोक दिया, जहां वन अमले ने घेराबंदी कर चालक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया।

वाहन की तलाशी लेने पर आरोपियों के पास सागौन लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इंदरसिंह (32) पिता वीरमसिंह, निवासी माला की गुआर, राजसमंद (राजस्थान) तथा सज्जन सिंह पिता उदयसिंह, निवासी माला निम्बा का बाड़िया, माला की गुआर, राजसमंद (राजस्थान) के रूप में हुई। वन विभाग ने अवैध सागौन इमारती लकड़ी सहित आयशर वाहन को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ाः शास्त्री ने विद्यार्थियों को दिए संस्कार और जीवन मूल्यों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांटाफोड़ में प्रेरणादायी एवं संस्कारमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नारायण शास्त्री ने विद्यार्थियों को गुरु-शिष्य परंपरा, भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं अनुशासित जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा, ज्ञान के प्रति समर्पण और निरंतर परिश्रम ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य, सेवा, संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य राकेश तिवारी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का विकास करते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण होता है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

स्व-सहायता समूह की सचिव ने सुपरवाइजर और प्रभारी पर लगाए आरोप

आरोपः रिश्वत नहीं दी तो छीना आंगनबाड़ी का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

महिला एवं बाल विकास परियोजना घाट उपर के अंतर्गत ग्राम अगुर्ली में आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को लेकर विवाद सामने आया है। ग्राम अगुर्ली निवासी एवं उत्तम स्व-सहायता समूह की सचिव विष्णुबाई ने महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी कोशल्या मालवीय पर बिना सूचना कार्य छीनने, रिश्वत मांगने तथा वेतन एवं राशन राशि रोकने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में विष्णु बाई ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागली को शिकायत ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, विष्णुबाई का समूह आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 पर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भोजन बनाने का कार्य कर रहा था। आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना या वैध कारण के केंद्र क्रमांक 01 का कार्य दूसरे स्व-सहायता समूह को सौंप दिया गया। विष्णु बाई का कहना है कि जब उसने इस संबंध में सुपरवाइजर से जानकारी मांगी तो कथित तौर पर उससे पैसे देने की मांग की गई और कहा गया कि यदि रिश्वत नहीं दी गई तो केंद्र क्रमांक 02 का कार्य भी उससे छीन लिया जाएगा। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि भोजन बनाने के लिए पर्याप्त राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा वेतन और राशन के बिलों की राशि भी खातों में जमा नहीं की जा रही है। इस संबंध में पूर्व में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

शिकायत में कहा है कि लगातार दबाव और कथित धमकियों के कारण वह मानसिक रूप से परेशान है। उसने एसडीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई, केंद्र क्रमांक 01 का कार्य पुनः उसके समूह को सौंपने तथा अवैध रूप से धन की मांग करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर देवास को भी भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास परियोजना घाट उपर पूर्व में भी कथित अनियमितताओं और रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर चर्चा में रहा है। कोशल्या मालवीय, प्रभारी परियोजना अधिकारी, बागली ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उक्त महिला द्वारा बच्चों को नियमानुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था। इसी कारण दूसरे समूह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में 7 दिवसीय आपदा मित्र कार्यशाला शुरू

देवास। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में आपदा के समय त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने एवं सामुदायिक आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत आपदा मित्र योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला सेनानी होमगार्ड, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित 7 दिवसीय आपदा मित्र कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। आपदा मित्र कार्यशाला में जिला सेनानी होमगार्ड, कम्पनी कमाण्डर, प्लाटून कमाण्डर, एसडीईआरएफ टीम, विषय विशेषज्ञ एवं जिले के विभिन्न विकासखंडों से चयनित 100 आपदा मित्र स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्वक सहभागिता रही । कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित आपदा मित्र प्रशासन और आमजन के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होंगे, जो ना केवल राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग करते हैं बल्कि समाज में आपदा के प्रति जागरुकता बढाने और समय पर लोगों को सुरक्षित करने मे भी अहम भूमिका निभाएंगे। संकट के समय किया गया एक छोटा सा प्रयास और त्वरित सहायता लोगों के जीवन बचाने के साथ-साथ जन धन की हानि को भी कम करती है।

कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)
Municipal Council Pipariya Distt- Narmadapuram
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरियो फोन नं. 07576-222041 पिन-461775
EMail-cmopipariya@mpurban.gov.in

क्रमांक/न.पा./ 2026/534 — द्वितीय ई- निविदा आमंत्रण सूचना — पिपरिया दिनांकः- 27.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

क्र.	निविदा क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_524629_1 PUBLICE DATE 28.07.2026	सुभाष वार्ड हेदर पुलिया के पास शौचालय निर्माण कार्य ।	1- 03 माह 2. 6,35,946/-	1- 2000/- 2- 6359/-	11-08-2026 05:30 PM

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

खबर संक्षेप

साथी को बुलाने से मना करने पर छात्र को पीटा

ललितपुर। शहर के सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के बाहर एक छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल के अंदर पढ़ रहे एक छात्र को बाहर बुलाने से इनकार करने पर तीन युवकों ने छात्र पर लात-घूंसों और फाइटर (धातु के पंच) से हमला कर दिया। हमले में छात्र घायल हो गया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर कोतवाली सदर पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी बलराम कुशवाहा पुत्र फूलचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र योगेश 24 जुलाई की सुबह करीब 10 बजे सरस्वती ज्ञान मंदिर बालिका इंटर कॉलेज के पास खड़ा था। इसी दौरान पंकज जैन पुत्र मनोज जैन अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा। पंकज जैन ने योगेश से स्कूल के अंदर मौजूद उत्कर्ष नामक छात्र को बाहर बुलाने के लिए कहा। योगेश द्वारा मना करने पर तीनों आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर योगेश के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और फाइटर (धातु के पंच) से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

आईटीआई के पास युवक से मारपीट

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के आईटीआई कॉलेज के पास मंगलवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें एक युवक समेत उसके परिजन घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस के अनुसार, घटना में घायल कृष्णपाल यादव, उनके पिता घनश्याम यादव तथा उनकी माता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मंगलवार को फिर कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना में घायलों के हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

यूपीएसडीएम के एसटीटी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

मड़ावरा (ललितपुर)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मड़ावरा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ राज्यमंत्री मनोहर लाल ने फीता काटकर किया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद राज्यमंत्री ने प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन कर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगारपरक एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस दौरान नोडल प्रधानाचार्य राजपाल, प्रमोद तिवारी एवं दीपक सोनी सहित ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के शिक्षक देवेंद्र कुमार, अनु पूरोहित, अनुराग प्रजापति, दीपक प्रजापति, ऋषि एवं मोहिनी सहित स्टाफ सदस्य मनोज कुमार, अशोक, मुलायम तथा समस्त कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

बोन एंड जॉइंट वीक, एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण

ऑर्थोपेडिक क्लब ने विद्यार्थियों व बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया

वृद्धाश्रम में निशुल्क परामर्श देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बोन एंड जॉइंट वीक (हडडी एवं जोड़ सप्ताह) के अंतर्गत ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब द्वारा मंगलवार को दो स्थानों पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक ओर एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, सिटी ब्रांच में विद्यार्थियों के लिए बोन एंड जॉइंट अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया, वहीं दूसरी ओर पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क हडडी एवं जोड़ स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर लगाया गया। ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब सचिव एवं हडडी रोग विशेषज्ञ डा.आकाश आर. खैरा के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने दोनों स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण किया। क्लब उपाध्यक्ष डा.एम.सी. गुप्ता, फिजियोथेरेपिस्ट डा.तेजस्व श्रीवास्तव, डा.पंकज जैन एवं डा.प्रतिभा प्रकाश सहित टीम के सदस्य अनिमेष तिवारी, आलिया, ऋचा, आकाश सेन एवं ओमकारन सिंह गौर कार्यक्रमों में मौजूद रहे। एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित शिविर के दौरान विद्यार्थियों का हडिडयों एवं जोड़ों से संबंधित विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन विद्यार्थियों में किसी प्रकार की समस्या पाई गई, उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही सही शारीरिक मुद्रा (पोश्चर), नियमित व्यायाम, संतुलित जीवनशैली एवं दैनिक देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। अभिभावकों को भी बच्चों के हडडी एवं जोड़ स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय चेयरमैन प्रदीप चौधरी, डायरेक्टर प्रवीण चौधरी एवं वाइस प्रिंसिपल अंकिता चतुर्वेदी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक विकास तथा समय रहते स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें हड्डियों एवं जोड़ों को स्वस्थ रखने के उपाय बताए गए। बुजुर्गों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, सही दिनचर्या तथा समय-समय पर चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर डा.आकाश आर. खैरा ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज का अनुभव हैं। उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। बोन एंड जॉइंट वीक के माध्यम से हमारा उद्देश्य लोगों को हडिडयों एवं जोड़ों की बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा समय पर उपचार के लिए प्रेरित करना है। क्लब उपाध्यक्ष डा.एम.सी. गुप्ता ने कहा कि बढ़ती उम्र में स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और समय पर चिकित्सकीय परामर्श स्वस्थ हड्डियों एवं जोड़ों की कुंजी हैं। फिजियोथेरेपिस्ट डा.पंकज जैन एवं डा.प्रतिभा प्रकाश ने बुजुर्गों को जोड़ों की देखभाल, व्यायाम एवं दैनिक दिनचर्या से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वृद्धाश्रम प्रबंधक ने ललितपुर ऑर्थोपेडिक क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

दक्ष प्रजापति जयंती पर शोभायात्रा

समाज ने दिया एकता और सांस्कृतिक गौरव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के अवसर पर प्रजापति समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे मार्ग पर श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि उ.प्र. सरकार के स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने महाराजा दक्ष प्रजापति के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज से शिक्षा, संगठन और संस्कार के मार्ग पर आगे बढने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि महिला अध्यक्ष राधा प्रजापति ने महिलाओं की सामाजिक एवं शैक्षिक भागीदारी पर जोर दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष चंदेरी सूरज पांडे, जिलाध्यक्ष हरचरण प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य जाखलौन अमर विश्वकर्मा घुटारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां पुष्पवर्षा, आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और जयघोष मुख्य आकर्षण रहे।

अंत में आयोजकों ने संरक्षण, मुन्नालाल प्रजापति, हरप्रसाद प्रजापति, नाथूराम प्रजापति, भैरू प्रसाद प्रजापति, पूरन सिंह प्रजापति, कंछेदी लाल प्रजापति, फूलचंद प्रजापति, छह बिहारी प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति, मोहन प्रजापति, रोहित प्रजापति, सुरेश प्रजापति, विवेक प्रजापति, गणेश प्रजापति, शोभाराम प्रजापति तथा जिला मीडिया प्रभारी अमित प्रजापति सहित सभी पदाधिकारियों, मातृशक्ति, युवाओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

कस्बा मड़ावरा में सेठी परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम

सिद्धचक्र विधान में अर्पित किए गए 1008 अर्घ, मुनिश्री नीरज सागर, मुनि निर्मद सागर का मिल रहा सानिध्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा (ललितपुर)

धर्मनगरी मड़ावरा में अष्टनिका पर्व के पावन उपलक्ष्य में कस्बे के प्रतिष्ठित सिंघई प्रकाश चंद्र, शान्तिकुमार सेठी परिवार के सौजन्य एवं आचार्य भगवन विद्यासागर, समय सागरजी के परम प्रभावक शिष्य मुनि नीरज सागर, मुनि निर्मद सागर के सानिध्य व सकल दिगम्बर जैन समाज मड़ावरा के सहभाग में सिद्ध भगवंतों की आराधना के पर्व सिद्ध चक्र महामण्डल विधान का आयोजन श्री महावीर विद्याविहार के विशाल प्रांगण में हो रहा है जिसमें विद्वान प्रतिष्ठाचार्य के मार्गदर्शन में आयोजक एवं समाज के श्रद्धालुगण प्रतिदिन सुबह विधान में पूजा विधान आदि क्रियाएं भक्तिभाव पूर्वक कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त सिद्धचक्र विधान के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन ही सर्व विश्व की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सिद्ध भगवंतों की आराधना की जाती है मंगलवार को आयोजित विधान में इंद्र इंद्राणी बने पात्रों ने भगवान जिनेन्द्र देव की पूजा अर्चना कर सिद्ध भगवंतों को 1008 आहुतियां समर्पित की गयी। इस दौरान सभागार में विराजमान मुनिसंघ द्वारा प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए सिद्ध चक्र विधान के महात्म्य को समझाते हुए इसके भक्तिभाव पूर्वक करने से प्राप्त होने वाले परिणाम के विषय में बताया इसके पूर्व सायंकालीन कार्यक्रमों की श्रखंला में महाआरती करने का सौभाग्य डा.राकेश कुमार, सुधीर कुमार सिंघई परिवार को प्राप्त हुआ तत्पश्चात सभी उपस्तिथ श्रद्धालुओं ने संगीतकार की धार्मिक स्वर लहरियों के साथ तीर्थंकर प्रभु की आरती भक्ति नृत्य आदि किये गए विधान आयोजन के दौरान आयोजक परिवार के राजू सेठी, दीपक सेठी, हर्षबर्धन सेठी, राहुल सेठी एवं चातुर्मास आयोजन समिति, सकल दिगम्बर जैन समाज का सहयोग मिल रहा है।

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति ने महिला सशक्तीकरण पर आयोजित की गोष्ठी

अधिकारों, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हों महिलाएं : प्रो. गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में महिला सशक्तीकरण और जागरूकता समारोह का आयोजन स्टेशन रोड स्थित होटल ललित पैलेस में किया गया, जिसमें महिलाओं एवं युवतियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही जागरूक करने का रहा। मुख्य अतिथि के रूप में शिकोहाबाद के बीडीएम म्युनिसिपल गल्र्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्य प्रो.गीता यादवेन्दु रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की, जबकि सफल संचालन सचिव गीता सेन ने किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.गीता यादवेंदु ने कहा कि महिलाओं का सशक्त होना परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी से महिलाएं अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनती हैं। उन्होंने महिलाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला हेल्पलाइन, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छता और स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञों ने कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीडन या अपराध की स्थिति में महिलाएं बिना भय के पुलिस एवं संबंधित विभागों से संपर्क करें तथा शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन एवं योजनाओं का लाभ उठाएं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका चन्द्रप्रभा बौद्ध जालौन, इंजी.नेहा कौशल जे.ई. झांसी, इंजी.निधि पाण्डेय जे.ई. झांसी, इंजी.दीक्षा दुबे जे.ई.झांसी, समाजसेविका उपासना पाठक टीकमगढ़, समाजसेविका लता सिंह ललितपुर, समाजसेविका कंचनमाला आगरा, राधा सेन सहित देश-प्रदेश की अनेक प्रख्यात समाजसेविकाएं एवं विशेषज्ञ शामिल रहीं। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक विषयों पर खुलकर चर्चा की। प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य जांच, पोषण एवं स्वावलंबन से जुड़े सुझाव दिए गए। समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को महिलाओं के सम्मान, समान अवसर और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। संचालन कर रहीं समिति सचिव गीता सेन ने सभी महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भागीदार बनने का आह्वान किया गया। इस दौरान उर्मिला वर्मा, अंजू विश्वकर्मा, रामप्यारी विश्वकर्मा, लतारानी, क्रान्ति, हर्षिता, कोमल, किरन, काजल, राजकुमारी, भावना, उपासना, राजकुमारी, कल्पना, सूरज, ममता, मोहिनी, लीला, रामदेवी, आशा, फूलादेवी, प्रियंका, आशा, शिखा, उमा, रश्मि, राजकुमारी, आरती, अनीता, राजकुमारी के अलावा रामदेवी सैन, श्रीमती रेखा वर्मा, रामदेवी, श्रीमती गुडडी सैन, ममता सोनी, राधिका शर्मा, कमला साहू, उमा यादव, रेखा राजपूत, प्रीति जैन, मीरा नामदेव, नवल कुशवाहा, तारा अहिरवार, मिथिलेश राजपूत, सरोज साहू, कुसुम रजक, विनीता निरंकारी आदि मौजूद रहे।

मंदिर जा रहे दंपती पर हमला, तीन दिन बाद एसपी के निर्देश पर दर्ज की गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

- छह माह की मासूम का गला दबाने का आरोप

कोतवाली क्षेत्र में मंदिर दर्शन के लिए जा रहे एक दंपति पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने तथा छह माह की मासूम बच्ची का गला दबाकर हत्या का प्रयास किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद तत्काल पुलिस से शिकायत करने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। बाद में पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद तीन दिन बाद कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के श्रद्धानंद पुरा निवासी दिशा नामदेव पत्नी राजा नामदेव द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, 25 जुलाई 2026 की रात करीब नौ बजे वह अपने पति और छह माह की पुत्री के साथ मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में तालाबपुरा निवासी सत्यम पुरोहित और शुभम पुरोहित अपने तीन-चार अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और उनकी बाइक रोककर गाली-गलौज करने लगे। पति द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और सरियों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सत्यम पुरोहित ने उनकी गोद में मौजूद छह माह की बच्ची की गर्दन दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीर मेहुल सेन और नितिन सेन ने हस्तक्षेप कर बच्ची को बचाया। आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान आरोपियों की मां शशि पुरोहित भी हाथ में लोहे की धारदार रॉड लेकर मौके पर पहुंची और पीछे से उनके पति के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से राजा नामदेव मौके पर ही गिर पड़े। इसके बाद भी आरोपियों ने दंपत्ति के साथ मारपीट जारी रखी। आसपास लोगों की भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। आरोप है कि घटना के तुरंत बाद वह घायल पति को लेकर कोतवाली पहुंची, लेकिन पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को जिला अस्पताल ले गए, जहां सिर में गंभीर चोट और अधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। उनका कहना है कि लगातार दो दिन तक थाने के चक्कर लगाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। अंततः उच्चाधिकारियों से शिकायत करने पर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने सत्यम पुरोहित, शुभम पुरोहित, शशि पुरोहित तथा तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

सदनशाह बाबा दरगाह की भूमि पर अवैध कब्जे करने के आरोप की एसडीएम ने जांच शुरू की

ललितपुर। जिला मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध वक्फ हजरत सदनशाह बाबा दरगाह (वक्फ संख्या 143) की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद गहरा गया है। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सदर हेमंत पटेल को जांच सौंपी है।

उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकृत 11-सदस्यीय प्रबंध समिति ने जिलाधिकारी/अपर सर्वे वक्फ आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वक्फ अधिनियम 1995 की धारा 54 के तहत कानूनी कार्रवाई की बीते 15 जुलाई को मांग की थी। समिति का आरोप था कि वक्फ अभिलेखों में दर्ज 6.81 एकड़ (27,573.62 वर्ग मीटर) संपत्ति पर तथाकथित उर्स कमेटी के लोग जबरन काबिज हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय (रिट-सी संख्या 10574/2019) के आदेशानुसार उर्स कमेटी को केवल उर्स मेले के आयोजन की अनुमति थी, लेकिन इसके बावजूद वह संपूर्ण संपत्ति पर कब्जा जमाए हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जांच एसडीएम सदर हेमंत पटेल को सौंपी है। उन्होंने जांच शुरू कर दी है। समिति ने मांग की है कि उर्स अवधि को छोड़कर शेष वर्ष का प्रबंधन नवगठित समिति को सौंपा जाए।

हजरत बाबा सदनशाह दरगाह की दान पेटियों से 30,400 निकालने का आरोप

ललितपुर। सिविल लाइंस स्थित प्रसिद्ध वक्फ मजार हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह की दान पेटियों से अवैध रूप से धनराशि निकालने और परिसर पर अनाधिकृत कब्जे को लेकर प्रबंध कमेटी ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने दो सदस्यीय जांच कमेटी बना दी है। एडीएम महरौनी न्यायिक मोहम्मद जसमीन और तहसीलदार सदर भानुप्रताप सिंह को जांच कमेटी में नामित किया है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा गठित प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष शाकिर अली ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 27 जुलाई 2026 की दोपहर विपक्षियों द्वारा दबंगई के बल पर दरगाह परिसर में लगी 03 दान पेटियों से 30,400 (तीस हजार चार सौ रुपये) अवैध रूप से निकाल लिए गए। आरोप है कि निकाली राशि का हिसाब नहीं दिया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में उर्स कमेटी को केवल जिला मजिस्ट्रेट की निगरानी में उर्स संपन्न कराने का निर्देश दिया गया था।

सर्वेश्वर धाम में 36वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव

गुरु कृपा से ही आत्मज्ञान का प्रकाश होता: कृष्णगिरि महाराज

ललितपुर। शहर स्थित सर्वेश्वर धाम आश्रम में 36वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर खाटू श्याम श्रीमहाकाल अखाड़ा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु वंदना की तथा आध्यात्मिक प्रवचन का लाभ उठाया। जगतगुरु स्वामी डा.कृष्णगिरि महाराज, महंत सर्वेश्वर धाम आश्रम ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। जिस प्रकार देवताओं की आराधना की जाती है, उसी प्रकार आषाढ़ पूर्णिमा का पावन दिवस गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिष्य को अपने गुरु के सानिध्य में रहकर उनके बताए सन्मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। स्वामी डा.कृष्ण गिरि महाराज ने कहा कि गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि ब्रह्म स्वरूप हैं, जो शिष्य के जीवन से अज्ञान का अंधकार दूर कर आत्मज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु मन के विकारों को समाप्त कर शिष्य के भीतर श्रद्धा, विश्वास, विनम्रता और सेवा भाव का विकास करते हैं। गुरु का आशीर्वाद जीवन को नई ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि गुरु की पूर्ण कृपा प्राप्त करने के लिए शिष्य में नियमित साधना, गुरु का निरंतर स्मरण, गुरु के वचनों का पालन, अभिमान का त्याग, अटूट श्रद्धा एवं विश्वास, सत्य और विनम्र आचरण तथा निष्काम सेवा भाव जैसे गुण होना आवश्यक हैं।

सीडीओ के अभियान को सफल बनाने के निर्देश

3 से 7 अगस्त तक टीकाकरण में छूटे बच्चों को लगेगी बूस्टर डोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में 3 से 7 अगस्त तक विशेष स्कूल आधारित टीडी एवं डीपीटी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत अप्रैल माह में टीकाकरण से छूटे 5, 10 और 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को बूस्टर खुराक दी जाएगी। अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। सीडीओ ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि स्वास्थ्य महानिदेशालय के निर्देश पर यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अप्रैल माह में हुए अभियान के दौरान जो विद्यालय और बच्चे किसी कारणवश टीकाकरण से छूट गए थे, उन्हें इस पांच दिवसीय अभियान में शामिल किया जाएगा। प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेंद्र वैद्य ने बताया कि 5 से 6 वर्ष के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, 10 वर्ष के बच्चों को टीडी-10 तथा 16 वर्ष के बच्चों को टीडी-16 की खुराक दी जाएगी। इसके लिए माइक्रोप्लान तैयार किया जा रहा है और एएनएम द्वारा छूटे हुए बच्चों व विद्यालयों की सूची तैयार की जा रही है। अभियान के तहत नियमित टीकाकरण दिवसों के अलावा परिषदीय एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण कराकर अभियान को सफल बनाएं। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा, सभी एल्डरमैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद समन्वय से काम करें

विकास में नहीं होगा कोई भेदभाव, घटिया नाली निर्माण पर होगी कार्रवाई: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद परिसर में सोमवार को आयोजित नवनियुक्त एल्डरमेनो के स्वागत समारोह में विधायक मोहन शर्मा ने नगर के संतुलित एवं समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के किसी भी वार्ड के साथ विकास कार्यों में भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से लसुल्डीया रामनाथ के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 और 4 में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। समारोह में राज्य शासन द्वारा नियुक्त एल्डरमैन गोविंद मालवी, महेश भावसार, जगदीश विश्वकर्मा एवं ठाकुर प्रसाद मीणा का स्वागत किया गया। विधायक ने कहा कि सभी एल्डरमैन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर नगर के विकास संबंधी प्रस्ताव तैयार करें, ताकि उन्हें शासन स्तर पर स्वीकृति दिलाई जा सके।

उन्होंने एसडीआरएफ योजना के तहत 2.48 करोड़ की लागत से बन रही नाली के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान को निर्देश दिए कि यदि निर्माण में घटिया सामग्री या अनियमितता पाई जाए तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।विधायक ने नगर के दीर्घकालीन विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि तैयार प्रस्तावों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर आवश्यक विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के नशा मुक्ति अभियान, वृक्षारोपण अभियान तथा स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील भी की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, जिला उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा सहित नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्युत समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए विधायक ने एमडी ऋषि गर्ग से की चर्चा

कुरावर। नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए विधायक मोहन शर्मा ने सोमवार शाम भोपाल में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बैठक में विधायक ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बिजली कटौती, ट्रांसफार्मरों की समस्याओं तथा किसानों और आम उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और निर्बाध बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का आग्रह किया।प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। विधायक ने उम्मीद जताई कि विभागीय समन्वय से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार होगा और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।



मंदसौर में आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकारों ने जताई कड़ी आपत्ति

राहुल सांकृत्यायन की प्रतिमा तोड़ना वैज्ञानिक चेतना और लोकतंत्र पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

राहुल सांकृत्यायन की पद्म विभूषण प्राप्त मूर्धन्य साहित्यकार थे, पश्चिम बंगाल में उनकी मूर्ति को तोड़ा जाना एक आतंकवादी घटना है, और जिन परिस्थितियों में उसे तोड़ा गया वह पूर्व नियोजित षडयंत्र के तहत की गई घटना थी। यह कहा प्रगतिशील लेखक संघ इकाई मंदसौर अध्यक्ष एड.कीर्तिनारायण कश्यप ने। वे प्र.ले. सं. की एक संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महापंडित की उपाधि प्राप्त एक महान साहित्यकार जो राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति तोड़ा जाना भारत की प्रगतिशील, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक बौद्धिक परम्परा पर हमला है।इस घटना की निष्पक्ष जांच की जा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाकर सरकार द्वारा प्रतिमा को पुनः उसी स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिए।

प्र.ले. सं.राज्य सचिव मंडल सदस्य असअद अंसारी ने कहा कि हिंदी के महान साहित्यकार, इतिहासकार, दार्शनिक, भाषाविद, बौद्ध चिंतक, स्वतंत्रता सेनानी राहुल सांकृत्यायन ने 100 से अधिक पुस्तकों की रचना क्यूआर उन्हें उनकी पुस्तक मध्य एशिया का इतिहास नामक पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार तथा भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।उन्होंने यह संदेश दिया था कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण,तर्क समानता व मानवता के समर्थक थे। इकाई उपाध्यक्ष डॉ.स्वप्निल ओझा ने कहा पश्चिम बंगाल सरकार राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति हटा कर यह दिखाना चाहती है कि वो नया इतिहास लिखना चाहती है और ऐसे विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार के साथ यह व्यवहार उचित नहीं है। यह प्रतिमा 1994 में उनकी जन्मशती पर रानीगंज मोड़ (राष्ट्रीय राजमार्ग 19) पश्चिम बर्धमान में स्थापित की थी।

इप्टा सचिव हूर बनों सैफी ने कहा कि किसी महापुरुष की प्रतिमा केवल पत्थर या धातु का ढांचा नहीं होती बल्कि समाज की स्मृति संस्कृति और विचारधारा का प्रतीक होती है। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बसेर ने मूर्ति खंडित करने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इकाई सचिव ब्रह्मजेश आर्य ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन की मूर्ति पर हमला ज्ञान विवेक ,वैज्ञानिक चेतना,सामाजिक न्याय और मानवीय मूल्यों पर हमला है ।इप्टा उपाध्यक्ष इंजीनियर हेमंत कछावा ने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक है,लेकिन असहमति का उत्तर हिंसा तोड़ फोड़ और सांस्कृतिक प्रतीकों के विनाश से नहीं दिया जा सकता। संचालन करते हुवे असअद अंसारी ने बताया कि प्रेमचंद जयंती आयोजन 30 जुलाई को शा.बा.उ.मा.वि.पिपलिया मंडी में मनाई जाएगी।

दुकानदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग

80 प्रतिशत राशि जमा कराने पर भी दुकानों का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम भैंसवा माताजी स्थित मां बिजासन मंदिर परिसर में निर्माणाधीन दुकानों का कार्य लंबे समय से अधूरा होने से नाराज स्थानीय दुकानदारों ने सोमवार को जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर के नेतृत्व में एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपकर जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की।

ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि मंदिर परिसर में उनकी दुकानें पूर्व से संचालित थीं। मंदिर निर्माण के दौरान ट्रस्ट द्वारा पुरानी दुकानों के स्थान पर नई दुकानों के निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके लिए दुकानदारों से निर्धारित राशि का 80 प्रतिशत तक जमा करा लिया गया तथा कुछ पुरानी दुकानों को भी तोड़ दिया गया। दुकानदारों का आरोप है कि वर्तमान में निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है, जिससे मंदिर परिसर में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। इसका असर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं पर भी पड़ रहा है और दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ट्रस्ट और दुकानदारों के बीच पूर्व में यह सहमति बनी थी कि निर्धारित समय-सीमा तक राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों की सदस्यता समाप्त कर उनकी दुकानें सील की जा सकती हैं। अधिकांश दुकानदारों ने समय पर राशि जमा कर दी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक नई दुकानों का कब्जा नहीं मिल सका। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कर जल्द से जल्द दुकानों का निर्माण पूरा कराया जाए तथा पात्र दुकानदारों को उनकी दुकानें आवंटित की जाएं। ज्ञापन देने वालों में सरपंच कुलदीप नागर, प्रकाश नागर, हरिओम, विष्णु नागर, राज कुमार, घनश्याम नागर सहित कई लोग मौजूद थे।

लहरिया परिधानों में सजीं महिलाएं, सावन तंबोला और खेलों का लिया आनंद

श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ का खेल उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक महिला प्रकोष्ठ, मंदसौर द्वारा आयोजित खेल उत्सव आधारित मिलन समारोह हंसी-खुशी और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं सावन तंबोला का आनंद लिया। कार्यक्रम में सबसे पहले आने वाली बहनों का स्वागत चहेती सुराणा, सरोज चपरोत, नीलीमा सकलेचा एवं रीना चपरोत ने किया। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी के चित्र के सम्मुख धुप दीप प्रज्ज्वलित कर आयुषी पोरवाल के मंगलाचरण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

महिला प्रधान सुनिता खाबिया ने अध्यक्षीय उदबोधन दिया सभी की अनुमोदन करी। कोषाध्यक्ष पुष्पलता चंडालिया एवं प्रधान सुनीता खाबिया द्वारा पुरी बीओडी के पदाधिकारी एवं सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महिला प्रधान रश्मि जैतावत का बहुमान किया गया। गेम मैनेजमेंट सह कोषाध्यक्ष नेहा बाफना, महामंत्री टीना हिंगड़ एवं मंत्री हिना दावड़ा ने संभाला। नीमा जैन एवं रंजीता संघवी ने सावन तंबोला खिलाया, जिसके लाभार्थी हेमा हिंगड़ रहे। कार्यक्रम में मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष विजय सुराणा भी पधारे। उन्होंने निवर्तमान महिला प्रधान सुनीता खाबिया के कार्यकाल को शोभायमान एवं मिसाल कायम करने वाला बताया। अंत में हिना व नेहा सहित अन्य कार्यकारिणी ने महिला प्रधान सुनीता खाबिया के कार्यकाल की सराहना की। टीना हिंगड़ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की सभी बहनों एवं बी.ओ.डी. की अर्चना लोढ़ा, राखी हिंगड, मुनमुन डोसी, अमिता मालपुरिया रंजीता संघवी, रीना चपरोत, चेतना भंडारी, आयुषी पोरवाल की उपस्थिति रही।

बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी

मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया संबंधित जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शामगढ़/मंदसौर

विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग अंतर्गत नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः वंदना सत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बलराम सिंह गौड़ (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,मेलखेड़ा) तथा नारायण वेद (सेक्टर सुपरवाइजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शामगढ़), विद्यालय प्राचार्य प्रवीण पुरोहित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बलराम सिंह गौड़ ने विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचाव के लिए घर एवं आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें, पुराने टायर, गमले, डिब्बे, टूटे-फूटे बर्तन तथा पुरानी गाड़ियों में पानी एकत्र न होने दें। उपयोग में न आने वाले बर्तनों एवं तेल के डिब्बों को उल्टा करके रखें, ताकि उनमें वर्षा का पानी जमा न हो सके। साथ ही घर, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में नियमित स्वच्छता एवं साफ-सफाई बनाए रखें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, मच्छरदानी का उपयोग करें तथा तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। सेक्टर सुपरवाइजर नारायण वेद ने भी स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इन बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक करने का आह्वान किया।

एसएमडीसी का हाईस्कूल में गठन हुआ

नाहरगढ़। स्कूल शिक्षा विभाग के नियमानुसार शासकीय हाई स्कूल पालिया मारू में एसएमडीसी का गठन विधालय परिवार तथा अभिभावक व पालकों की उपस्थिती में किया गया।

साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश, 11,158 करोड़ की राशि बचाई

सांसद सुधीर गुप्ता के प्रश्न पर सरकार का जवाब

विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मंदसौर-नीमच संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता द्वारा लोकसभा में देश में बढ़ रहे साइबर अपराधों तथा वित्तीय धोखाधड़ी की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए व्यापक और समन्वित स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

सरकार ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के माध्यम से देशभर में साइबर अपराधों पर निगरानी और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। नागरिकों की शिकायतों के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा वित्तीय साइबर धोखाधड़ी की तत्काल सूचना के लिए 1930 हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। सरकार के अनुसार नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग एवं प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से अब तक 32.80 लाख से अधिक शिकायतों में 11,158 करोड़ से अधिक की राशि साइबर ठगों के हाथों में जाने से बचाई गई है।

उत्तर में यह भी बताया गया कि सरकार ने साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए 15.75 लाख से अधिक सिम कार्ड तथा 5.77 लाख कटएक ब्लॉक किए हैं। साथ ही संदिग्ध खातों एवं पहचानकर्ताओं की पहचान कर 25,698 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन रोके गए हैं। सरकार ने जानकारी दी कि आधुनिक तकनीकी प्लेटफॉर्म की सहायता से 29,837 से अधिक साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हुई है। पुलिस एवं न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर 1.63 लाख से अधिक अधिकारियों का पंजीकरण किया गया है तथा साइबर सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित साइबर कमांडो भी तैयार किए जा रहे हैं।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में यह प्रश्न उठाने का उद्देश्य नागरिकों की मेहनत की कमाई को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी जनता तक पहुँचाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

जीरापुर में लोकायुक्त का बड़ा एक्शन

12,600 की रिश्वत लेते सचिव रंगे हाथों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भोपाल लोकायुक्त टीम ने नगर में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सादलपुर खाद-बीज वितरण सहकारी समिति के सेक्रेटरी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों ट्रैप किया है।आरोपी सेक्रेटरी का नाम राधेश्याम दांगी बताया जा रहा है। लोकायुक्त टीम ने उसे 12 हजार 600 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता रूपाहेड़ा निवासी 52 वर्षीय श्याम सिंह ने भोपाल लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि सोसाइटी में उनका खाता होल्ड कर दिया गया था।खाते से होल्ड हटाने और खाद-बीज के लिए केसीसी की राशि बढ़ाने के एवज में सचिव राधेश्याम दांगी ने उनके परिवार के तीन सदस्यों से प्रति सदस्य 4200 रुपये के हिसाब से कुल 12,600 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए भोपाल से जीरापुर पहुंची लोकायुक्त की टीम ने जाल बिछाया और आज सेक्रेटरी को रिश्वत की राशि लेते ही दबोच लिया।फिलहाल लोकायुक्त टीम की कार्रवाई जीरापुर रेस्ट हाउस में जारी है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

साकेत एमजीएम में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित

विदिशा। स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 70वीं जिला स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी भूपेंद्र शर्मा ने तीर चलाकर किया। मुख्य अतिथि विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी अंबेश सोनी रहे। इस अवसर पर सह प्रभारी शशांक शर्मा, साकेत शिशु रंजन के प्राचार्य प्रकाश शर्मा तथा साकेत एमजीएम के प्राचार्य डॉ. जी.डी. पाटिल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जिले के सात विद्यालयों के 130 खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन किया।

समर्थकों में उत्साह, विजेताओं को फूल-माला पहनाकर मनाया जश्न

अध्यक्ष बने चंद्रकांत, सचिव पद पर नवल किशोर विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला औषधि विक्रेता संघ के चुनाव परिणाम रविवार को घोषित कर दिए गए। चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद्र भंडारी ने विजेताओं की घोषणा करते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर चंद्रकांत जैन ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें 546 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कैलाश जैन को 118 मत मिले। वहीं सचिव पद के चुनाव में नवल किशोर शास्त्री ने 375 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंद्वी संजय सिकरवार को 320 मत मिले। 8 मत निरस्त हुए। परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर विजेताओं को बधाई दी और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। नव- निर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए संघ के हितों की रक्षा और औषधि विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का भरोसा दिलाया।